# बिहार सरकार
## उद्योग विभाग
## संकल्प

**विषयः— पटना जिला अन्तर्गत अंचल—फतुहाँ में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (MMLP) परियोजना से सटे भू—भाग में GIFT- सामान औद्योगिक परियोजना के अधीन Fin Tech City विकसित करने हेतु मौजा—जैतीया, थाना नं0—79 में कुल रकबा 242 एकड़ भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के माध्यम से अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि 4,08,81,30,503.00 (चार सौ आठ करोड़ इक्यासी लाख तीस हजार पाँच सौ तीन) रुपये मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

**1.** पटना जिला अन्तर्गत फतुहा अंचल स्थित मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (MMLP) परियोजना से सटे भू—भाग में GIFT- सामान औद्योगिक परियोजना के अधीन Fin Tech City को विकसित करने हेतु मौजा—जैतिया, थाना न0—79, कुल रकबा 242 एकड़ भूमि अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि 4,08,81,30,503.00 (चार सौ आठ करोड़ इक्यासी लाख तीस हजार पाँच सौ तीन) रुपये मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**2.** उक्त 242 एकड़ भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (IDA), पटना के माध्यम से अधिग्रहण किये जाने के पश्चात् बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (BIADA), पटना द्वारा GIFT- सामान औद्योगिक परियोजना के अधीन Fin Tech City के रूप में विकसित किया जायेगा, जिससे राज्य में वित्तीय सेवाओं, नवाचार आधारित उद्यमों, उन्नत तकनीक तथा निर्यात—उन्मुख उद्योगों को एक ही परिसर में समावेशित कर एक प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जायेगा, इससे राज्य में लॉजिस्टिक्स प्रक्षेत्रों में निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**3. बजट शीर्ष एवं बजट का उपबंध** :—भूमि अधिग्रहण हेतु राशि की निकासी माँग संख्या—23, मुख्यशीर्ष—4885—उद्योगों तथा खनिजों पर अन्य पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष—02—पिछड़े क्षेत्रों का विकास, लघुशीर्ष—050—भूमि, उप शीर्ष—0101—औद्योगिक विकास के लिए भूमि अर्जन, विपत्र कोड संख्या—23—4885020500101 विषय शीर्ष—0101—53—02 भू—अर्जन मद से वित्तीय वर्ष 2025—26 में बजट उपबंध के माध्यम से प्राप्त कर व्यय किया जायेगा।

**4.** उक्त पर दिनांक–26.08.2025 की मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या– 08 के रूप में स्वीकृति दी गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(मिहिर कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक–3240 पटना / दिनांक–26/08/2025
**सं0सं0–04तक0 / MML PARK / 114 / 2022 पार्ट फाईल**
प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार, पटना एवं कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक–3240 पटना / दिनांक–26/08/2025
**सं0सं0–04तक0 / MML PARK / 114 / 2022 पार्ट फाईल**
प्रतिलिपि– मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव / मंत्री, उद्योग विभाग के आप्त सचिव / मुख्य सचिव, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी / विकास आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / प्रधान सचिव, वित्त विभाग / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक–8240 पटना/दिनांक–26/08/20

**सं0सं0–04तक0/MML PARK/114/2022 पार्ट फाईल**

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक, बियाडा, पटना/प्रबंध निदेशक, आयडा, पटना/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (NHLML) नई दिल्ली/समाहर्त्ता, पटना/उद्योग निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना/निदेशक, तकनीकी विकास निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, बिहार, पटना/अवर सचिव, योजना शाखा, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सहायक निदेशक(तक0)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, लेखा शाखा, तकनीकी विकास निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक–8240 पटना/दिनांक 26/08/2025

**सं0सं0–04तक0/MML PARK/114/2022 पार्ट फाईल**

प्रतिलिपि–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को एक सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0 में) तथा दो हार्ड कॉपी के साथ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि इसे बिहार गजट के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।

अपर मुख्य सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक–8240 पटना/दिनांक–26/08/2025

**सं0सं0–04तक0/MML PARK/114/2022 पार्ट फाईल**

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना